<u>अति महत्वपूर्ण</u>

पत्र संख्या - स0द0/25क/283/2021-22/ रोड चेकिंग/ 1003 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(सचल दल अनुभाग)

लखनऊ:: दिनॉक:: 02 ~~जनवरी~~ फरवरी, 2022

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)

<u>वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।</u>

विषय:: विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2022 के दृष्टिगत प्रवर्तन इकाईयों द्वारा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकने के उद्देश्य से परिवहन किए जाने वाले सामग्रियों की जॉच के <u>सम्बंध में।</u>

जैसा कि आप अवगत हैं कि सामान्य विधान सभा निर्वाचन, 2022 की अधिसूचना जारी हो चुकी है। सचलदल इकाइयों में तैनात कतिपय अधिकारियों की जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा फ्लाईंग स्क्वाड के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकने के उद्देश्य से परिवहन की जाने वाली सामग्रियों जैसे- कपड़ा, नकद धनराशि, नशीले पदार्थ/शराब आदि की सघन जांच करते हुए कृत कार्यवाही का विवरण दैनिक रूप से मुख्यालय प्रेषित करने के निर्देश दिये गये गए थे।

अत: निर्देशित किया जाता है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा फ्लाईंग स्क्वाड के रूप में तैनात किए गए अधिकारी उक्त परिवहन की जाने वाली सामग्रियों की सघन जांच के उपरान्त पकड़े गए वाहनों एवं कृत कार्यवाही की सूचना विभागीय **"प्रतिबिम्ब एप"** में लागिन उपरान्त **"इलेक्शन ड्यूटी मेन्यू"** के अन्तर्गत अब तक कृत कार्यवाही की सूचना तिथिवार अपडेट कराते हुए उक्त सूचना प्रतिदिन नियमित रूप से प्रतिबिम्ब एप पर फीड करना सुनिश्चित कराएं। एप के माध्यम से प्राप्त विवरण अग्रेतर कार्यवाही हेतु चुनाव आयोग को प्रेषित किया जाएगा।

01/02/2022

(सुधा वर्मा)

एडीशनल कमिश्नर,

वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।